Name- Anil Kumar
Dept of Pol. Science
Adarsh College Rajnandgaon

Paper - DSE - 4 (A)
(Indian foreign Policy)

Session - 2

Scanned by CamScanner

1. भारत की विदेश नीति के प्रमुख निर्धारक तत्वों का उल्लेख करें ?

भूमिका :-

एक राज्य अन्य राज्यों के साथ किस प्रकार संबंध रखकर अपना राष्ट्रीय हित प्राप्त करता है, यही किसी भी देश की विदेश नीति का मुख्य प्रयोजन होता है।

दूसरे शब्दों में- एक राज्य जब दूसरे राज्य से सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से एक दूसरे के साथ संबंध स्थापित करता है, विदेश नीति कहलाता है।

* प्रो० हिल के अनुसार :- "विदेश नीति अन्य देशों के साथ अपने हितों को बढ़ाने के लिए किये जाने वाले किसी राष्ट्र के प्रयासों का सम्मुच्य है"

* स्लाइन्चर के शब्दों में :- "अपने एक व्यापक अर्थ में विदेश नीति उन उद्देश्यों योजनाओं तथा क्रियाओं का सामूहिक रूप है जो एक राज्य अपने बाह्य सम्बंधों को संचालित करने के लिए करता है।"

इन परिभाषाओं से स्पष्ट है कि विदेश नीति राज्यों की गतिविधियों का एक व्यवस्थित रूप है, जिसका विकासकालीन अनुभव के आधार पर राज्य द्वारा किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय हितों की पूर्ति होती है।

Scanned by CamScanner

विदेश नीति के निर्धारक तत्व

एक देश की विदेश नीति को निर्धारित एवं प्रभावित करने वाले अनेक कारक या तत्व महत्वपूर्ण हैं जिससे किसी भी देश की विदेश नीति प्रभावित होती रहती है। इन निर्धारक तत्वों को हम इस प्रकार समझ सकते हैं –

(1) भू- राजनीति :-

एक देश की अवस्थिति एवं भौतिक स्थलाकृति उस राज्य की विदेश नीति पर बेहद महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। प्राकृतिक सीमाओं की उपस्थिति एक देश को सुरक्षा का भाव प्रदान करता है। जो शांतिपूर्ण समय में घरेलु विकास पर ध्यान दे सकता है।

(2) सैन्य क्षमता :-

मतभेदों में बल प्रयोग अंतिम छोर पर किया जाता है, लेकिन जिस देश के पास भारी और सुसज्जित सैन्य बल होता है उसे विश्व स्तर पर अन्य देशों से अधिक सम्मान प्राप्त होता है। इस प्रकार सैन्य क्षमता विदेश नीति निर्णय का एक प्रमुख और महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है। एक सैन्य रूप से सशक्त देश अन्य अक्षम देश की तुलना में कठोर निर्णय ले सकता है।

Scanned by CamScanner

(3) आर्थिक शक्ति :-

आर्थिक रूप से मजबूत देश की विदेश नीति अन्य देशों की अपेक्षा बेहद प्रभावी होती है। आज कोई भी देश बेहद कमजोर अपनी सैन्य क्षमता की वजह से नहीं अपितु आर्थिक कमजोरी के कारण कहा या माना जाता है। आर्थिक रूप से मजबूत देश की विदेश नीति अन्य की अपेक्षा महत्वपूर्ण होता है और सशक्त देश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना वर्चस्व बनाये रखता है। किसी भी देश की सैन्य शक्ति आर्थिक क्षमताओं पर ही निर्भर करती है।

(4) नेतृत्व क्षमता :-

किसी भी देश की विदेश नीति के निर्धारक तत्वों में नेतृत्व क्षमता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक सशक्त व्यक्तित्व अपने हित को ध्यान में रखकर विदेश नीति का निर्माण करता है। नेतृत्व क्षमता के कारण कोई भी कमजोर राज्य भी अन्य की तुलना में बेहतर प्रदर्शन का मद्दा रखता है।

(5) सरकार का स्वरूप :-

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनमत, दबाव समूह एवं जनसंचार की नीति निर्माण की प्रक्रिया में एक बड़ी भूमिका होती है। लोकतांत्रिक राज्यों में निर्वाचन व्यवस्था भी विदेश नीति निर्णयों में प्रभाव रखती है। जिसका सरोकार आमजनों से होता है। एक निरंकुश व्यवस्था में सारे निर्णय एक शासक के अनुसार होते हैं वे ऐसी नीति या निर्णय लेते हैं जैसा

Scanned by CamScanner

वे राज्य के हित में सही समझते हैं।

(6) आंतरिक बाध्यताएँ :-

न केवल अंतर्राष्ट्रीय घटनाएँ अपितु घरेलु घटनाक्रम भी विदेश नीति के स्त्रोत के तौर पर कार्य करता है। ऐसे अनेक उदाहरण है जब शासकों के विदेश में घरेलु उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कठोर एवं सशक्त विदेश नीति संबंधी निर्णय लिए हैं। उदाहरणार्थ :- देश में निर्वाचन परिणामों को प्रभावित करने या फिर देश को नाजुक आर्थिक हालात से लोगों का ध्यान हटाने के लिए ऐसा किया गया हो।

(7) आतंकवाद :-

विदेश नीति को प्रभावित या निर्धारित करने वाले तत्वों में आतंकवाद भी एक अहम मुद्दा बन गया है। सीमा पार आतंकवाद ने सभी विकसित या विकासशील देशों की विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिलता है। वैश्विक स्तर पर आतंकवाद की चुनौति येश की विदेश नीति को प्रभावित करती है।

(8) जलवायु परिवर्तन :-

जलवायु परिवर्तन भी वर्तमान समय में किसी भी देश की विदेश नीति के प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

Scanned by CamScanner

(9) जैव हथियार :-

वर्तमान परिदृश्य में इसका प्रचलन देखने को मिल रहा है। जहाँ पूर्व में अस्त्र शस्त्र से युद्ध होते थे वहीं अब अदृश्य जैविक हथियार ने किसी भी देश की विदेश नीति निर्माण को बदलकर रख दिया है।

X

Anil Kumar
7004461343